आकाशवाणी, भोपाल
प्रादेशिक समाचार एकांश

दिनांक : 15.06.2025 समय : 07.10pm

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में आज साइप्रस पहुंचे।
- भारत 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त होगा। कहा–गृहमंत्री अमित शाह ने।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल जबलपुर से लाड़ली बहना योजना की 25वीं किस्त जारी करेंगे।
- अगले 24 घंटो के दौरान भोपाल, इंदौर सहित 47 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश का अलर्ट।

**प्रधानमंत्री–विदेश यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में आज साइप्रस पहुंचे। वे वहां दो दिन रहेंगे। पिछले दो दशक में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली साइप्रस यात्रा है। दोनों नेताओं के बीच व्यापार और निवेश, शिक्षा, समुद्री सहयोग, डिजिटल संपर्क और क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा होने की उम्मीद है। श्री मोदी ने यात्रा पर रवाना होने से पहले कहा कि तीन देशों, साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की, उनकी यात्रा से उन्हें सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को इन देशों के पूरजोर समर्थन के लिए आभार व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने में विश्व के प्रयासों को एकजुट करने में भी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि कनाडा में जी 7 शिखर सम्मेलन वैश्विक मुद्दों और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर विचारों के आदान–प्रदान के लिए जगह प्रदान करेगा। श्री मोदी ने कहा कि भारत और क्रोएशिया के बीच सदियों पुराने घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध हैं। उन्होंने कहा कि क्रोएशिया की उनकी यात्रा आपसी हित के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के लिए नए रास्ते खोलेगी।

**पुलिस नियुक्ति पत्र–अमित शाह**

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से पूरी तरह से मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कभी 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद महज तीन जिलों में सिमट कर रह गया है। श्री शाह लखनऊ में यूपी पुलिस के नियुक्ति–पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने 60 हजार 244 नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के पुलिस बल का आधुनिकीकरण आरंभ किया गया है। उत्तर प्रदेश में यह वर्ष 2017 में शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि पहले पुलिस बल में भर्ती जाति के आधार पर की जाती थी, लेकिन आज सभी उम्मीदवारों की नियुक्ति पूरी पारदर्शिता के साथ की जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के अमृतकाल के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आज का कार्यक्रम हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कुल 60 हजार 244 सिपाहियों में 12 हजार 48 महिलाएं हैं।

## डीएनए मिलान

गुजरात के अहमदाबाद विमान हादसे में अब तक कुल 32 मृतकों के डीएनए नमूनों का मिलान हो चुका है और 14 शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। सिविल अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. रजनीश पटेल ने बताया कि मृतकों में 4 अहमदाबाद, 2 वडोदरा, 1 खेड़ा, 1 अरावली, 1 बोटाद, 4 मेहसाणा और 1 उदयपुर से है। जिन मृतकों के डीएनए नमूनों का मिलान हो गया है, उनके शव परिजनों को सौंपे जा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय विजय रूपाणी का डीएनए मिलान हो गया है।

## पवन ऊर्जा क्षमता

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि भारत की पवन ऊर्जा क्षमता 10 दशमलव पांच प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ 51 दशमलव पांच गीगावाट हो गई है। पिछले वर्ष यह क्षमता 46 दशमलव 42 गीगावाट थी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री जोशी ने कहा कि बढ़ती क्षमता के साथ देश नवाचार, हरित प्रौद्योगिकी और सतत प्रगति के बल पर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। वैश्विक पवन ऊर्जा दिवस के अवसर पर श्री जोशी ने कहा कि भारत की सौर ऊर्जा क्षमता ने पिछले 11 वर्षों में लंबी छलांग लगाई है। भारत ने वर्ष 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लिए 500 गीगावाट का लक्ष्य रखा है।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल जबलपुर जिले के बरगी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में जून माह की किस्त राशि अंतरित करेंगे। लाड़ली बहनों को मिलने वाली यह 25वीं किस्त है। मुख्यमंत्री इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, संबल योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना में हितग्राहियों के खातों में भी राशि अंतरित करेंगे।

## शिवराज–बुधनी

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सीहोर जिले की बुधनी तहसील के गांव तालपुरा पहुंचे। श्री चौहान ने आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल होकर किसानों से सीधा संवाद किया। किसानों ने समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की मांग पूरी करवाने के लिए श्री चौहान का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बुधनी में बन रहे मेडीकल कॉलेज का निर्माण तय समय सीमा में पूर्ण किया जाएगा।

## ई–केवायसी–राशन

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि मध्यप्रदेश में अति शीघ्र स्मार्ट पीडीएस व्यवस्था लागू की जानी है। इसके लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत राशन सामग्री प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की ई–केवायसी शत–प्रतिशत पूर्ण कराया जाना है। फरवरी 2025 से ई–केवायसी के लिये चलाये जा रहे अभियान में 1 करोड़ 11 लाख हितग्राहियों की ई–केवाईसी करायी गयी है। प्रदेश के कुल 5.32 करोड़ हितग्राहियों में से 4.74 करोड़ हितग्राहियों की ई–केवाईसी पूर्ण हो गयी है। यह मध्यप्रदेश के कुल हितग्राहियों का 89 प्रतिशत है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि प्रदेश में ई–केवायसी से शेष 54.8 लाख पात्र हितग्राहियों का ई–केवायसी जून माह में पूर्ण कराने के लिये प्रदेश में ग्राम एवं वार्ड स्तर पर शिविर लगाने के निर्देश जारी किये गये हैं।

**उत्तराखंड–हेलीकॉप्टर दुर्घटना**

उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के पास आज सवेरे हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना की वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो जांच करेगा। इस दुर्घटना में सात लोगों की मृत्यु हो गई। हेलीकॉप्टर केदारनाथ से गुप्तकाशी जा रहा था और इसमें छह यात्री तथा चालक सवार था। नागर विमानन महानिदेशालय के अनुसार हेलीकॉप्टर आज सुबह पांच बजकर 19 मिनट पर केदारनाथ से गुप्तकाशी के लिए रवाना हुआ था और गौरीकुंड के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि क्षेत्र में सभी चार्टर और शटल हेलीकॉप्टर सेवाएं एहतियात के तौर पर कल तक के लिए स्थगित रहेंगी। उत्तराखंड के नागर विमानन विकास प्राधिकरण को निर्देश दिया गया है कि हेलीकॉप्टर सेवाएं बहाल करने से पहले सभी संचालकों के काम काज की व्यापक समीक्षा की जाए। प्राधिकरण हेलीकॉप्टर संचालन पर निगरानी रखने के लिए समर्पित कमान और नियंत्रण कक्ष स्थापित करेगा।

**मॉनसून**

प्रदेश में तेज आंधी और बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर समेत कुल 47 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। यहां हवा की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार इस महीने की 20 तारीख तक पूर्वी मध्य प्रदेश में भारी वर्षा की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिन के दौरान पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

**डब्ल्यूटीटी स्कोप्जे**

टेबल टेनिस में, भारत के मानव ठक्कर और मानुष शाह ने आज नॉर्थ मैसेडोनिया में डब्ल्यूटीटी कंटेंडर स्कोप्जे 2025 के पुरुष युगल के फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में, उन्होंने दक्षिण कोरियाई जोड़ी लिम जोंगहून और ओह जुनसुंग को 3–1 से हराया। इससे पहले, भारतीय जोड़ी ने क्वाटर– फाइनल राउंड में स्लोवेनिया के डार्को जोर्गिक और डेनी कोजुल को समान अतर से हराया था।

**समाचार संक्षेप**

- जबलपुर रेल मंडल द्वारा पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ होने वाली गाड़ी संख्या जबलपुर–कोयंबटूर–जबलपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का संचालन 13 जून से प्रत्येक शुक्रवार को जबलपुर से तथा 16 जून से प्रत्येक सोमवार को कोयंबटूर से किया जायेगा।
- देवास जिले में बच्चों और माताओं के पोषण स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन देवास द्वारा किलकारी पोषण अभियान चलाया जा रहा है।
- शहडोल जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के चिन्हित गाँव में आज से 30 जून तक विशेष जागरूकता व लाभ संतृप्ति अभियान शुरू किया गया है।
- इंदौर में नि:शुल्क हृदय रोग निदान शिविर में जिले से 12 बच्चों को और उनके परिजनों को बस के द्वारा शिविर में स्वास्थ्य जांच कर सर्जरी के लिए भेजा गया।

———————